

# अखंड भारत समाचार



पेज़ 05 मूल्य 4 रुपए गुरुवार,28 मई 2026 प्रकाशित – न्यू दिल्ली अंक:02



विज्ञापन दें













विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
8708565733


# सिद्धारमैया ने छोड़ी कर्नाटक के सीएम की कुर्सी, डीके शिवकुमार होंगे अगले मुख्यमंत्री

**कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने पार्टी आलाकमान से किए गए अपने वादे के मुताबिक़ अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया है.**

इससे पहले उन्होंने संकेत दिया था कि वह कांग्रेस आलाकमान की बात मानेंगे और अपने पद से इस्तीफ़ा दे देंगे.

उन्होंने 2013 से 2018 तक मुख्यमंत्री का पूरा पांच वर्षीय कार्यकाल पूरा किया था और 20 मई को अपने दूसरे कार्यकाल के तीन वर्ष भी पूरे किए.

समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, सिद्धारमैया ने कर्नाटक के राज्यपाल के विशेष सचिव प्रभु शंकर को अपना इस्तीफ़ा सौंप दिया है. राज्यपाल थावरचंद गहलोत, जो राज्य से बाहर हैं, आज रात लौट रहे हैं.

इस्तीफ़े की घोषणा करते हुए सिद्धारमैया ने कहा, "मैंने आज अपना इस्तीफ़ा सौंप दिया है. मैं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे का हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिन्होंने मुझे यह अवसर दिया."



# अमेरिका ने ईरान के भीतर सैन्य ठिकानों पर नए हमले किए

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि उसकी सेना ने होर्मुज स्ट्रेट के आसपास ख़तरा पैदा कर रहे ईरान के चार हमलावर ड्रोन भी मार गिराए.

अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, बंदर अब्बास स्थित ठिकाने पर हमला इसलिए किया गया क्योंकि वहाँ से ईरान पाँचवां ड्रोन हमला लॉन्च करने वाला था.

ईरानी मीडिया ने शहर के पूर्वी हिस्से में धमाकों की ख़बर दी है.

ये हमले ऐसे समय हुए हैं, जब अमेरिका और ईरान के बीच बेहद नाज़ुक युद्धविराम लागू है और तीन महीने लंबे युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत जारी है.

इस युद्ध ने होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री मार्ग को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है और वैश्विक ऊर्जा क़ीमतों को तेज़ी से बढ़ा दिया है पिछले तीन दिनों में यह दूसरी बार है, जब अमेरिका ने ईरान के भीतर हमले किए हैं. अमेरिका का कहना है कि ये कार्रवाई आत्मरक्षा में की गई.



## क्या इजरायल भी शामिल होगा ईरान पर हमलों में? होर्मुज पर आर-पार की जंग में कूदा अमेरिका



अमेरिका ईरान के खिलाफ स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर निर्णायक जंग में कूद गया है. बंदर अब्बास समेत कई ठिकानों पर हमले तेज कर दिए गए हैं. अब सवाल यह है कि इजरायल भी इन हमलों में शामिल होगा या नहीं.

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर अमेरिका और ईरान के बीच तनाव अब चरम पर पहुंच गया है. अमेरिका ने ईरान के बंदर अब्बास समेत कई ठिकानों पर हमले तेज कर दिए हैं. ऐसे में बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या इजरायल भी ईरान पर हमलों में सीधे शामिल हो जाएगा? इस पूरे संघर्ष को मध्य पूर्व का सबसे बड़ा टकराव माना जा रहा है, क्योंकि होर्मुज से दुनिया का 20 प्रतिशत तेल गुजरता है. अगर यह जलमार्ग बंद हुआ तो पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो जाएगी.अमेरिका ने हाल के दिनों में ईरान पर कई हमले किए हैं. उसने ईरानी ड्रोन, मिसाइल साइटों और बंदर अब्बास के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया. ईरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने की धमकी दे रहा था, जिससे अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को खतरा था. अमेरिका नहीं चाहता कि ईरान दुनिया के तेल के रास्ते को ब्लैकमेल के हथियार के रूप में इस्तेमाल करे. इसलिए उसने ईरान की नौसेना और IRGC के ठिकानों पर हमले शुरू कर दिए.

## होर्मुज पर कोई 'गुंडा टैक्स' नहीं वसूल पाएगा ईरान, अमेरिका ने लगाई नई पाबंदी, लपेटे में आया ओमान भी



US Sanctions Iran Body to Manage Hormuz: पश्चिम एशिया में मचे हुए घमासान के बीच कुल दो ही मुद्दे हैं, जिन पर ईरान-अमेरिका के बीच बात नहीं बन पा रही. एक मसला है- परमाणु हथियार और दूसरा मसला है - स्ट्रेट ऑफ होर्मुज. ईरान होर्मुज पर अपना कंट्रोल लेकर उससे पैसे कमाना चाहता है लेकिन अमेरिका इसे टोल फ्री रखना चाहता है. ईरान-अमेरिका के बीच वार्ता चलने के साथ ही बहुत कुछ ऐसा भी हो रहा है, जो दिखाता है कि दोनों देश अभी एकमत नहीं हुए हैं. खासतौर पर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर ये मामला और उलझता जा रहा है. अमेरिका और ईरान के बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर जारी तनाव अब नई ऊंचाई पर पहुंच गया है. ईरान ने हाल ही में पर्शियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी (PGSA) नाम की एक नई संस्था बनाकर होर्मुज पर अपने नियंत्रण को संस्थागत रूप देने की कोशिश की है. इस संस्था के जरिए ईरान होर्मुज से गुजरने वाले सभी व्यापारिक जहाजों पर निगरानी और नियंत्रण रखना चाहता है. इतना ही नहीं उसने होर्मुज पर टोल के बजाय सेवा शुल्क या उचित मूल्य का नाम देकर टैक्स वसूलने की तैयारी शुरू कर दी है. ईरान का दावा है कि वह जहाजों को सुरक्षा, नेविगेशन सहायता और अन्य सेवाएं देगा, जिसके बदले फीस ली जाएगी. इतना ही नहीं ईरान अपनी इस पहल में ओमान को भी शामिल करना चाहता है और इस अथॉरिटी से मिलकर काम करने के लिए उसे न्यौता भी दे चुका है. स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर ईरान ने हाल ही में कहा था कि इस पर तटीय देशों का अधिकार है

# हर्ष मल्होत्रा के दिल्ली BJP चीफ बनने पर मनोज तिवारी का बड़ा बयान, 'वीरेंद्र सचदेवा का



केंद्रीय मंत्री और ईस्ट दिल्ली से बीजेपी के सांसद हर्ष मल्होत्रा को पार्टी की दिल्ली इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. इस पर बीजेपी सांसद मनोज तिवारी की प्रतिक्रिया आई है. मनोज तिवारी खुद दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष रह चुके हैं. उन्होंने नई जिम्मेदारी के लिए हर्ष मल्होत्रा को बधाई दी. साथ ही कहा कि वीरेंद्र सचदेवा का कार्यकाल पूरा हो गया था. वीरेंद्र सचदेवा का कार्यकाल बहुत सफल रहा. 27 साल बाद विजयी अध्यक्ष के रूप में मिले थे. दरअसल, हर्ष मल्होत्रा अब वीरेंद्र सचदेवा की जगह लेंगे. सचदेवा के अध्यक्ष रहते ही दिल्ली में बीजेपी की सरकार बनी. मनोज तिवारी ने कहा कि अब हर्ष मल्होत्रा के नेतृत्व में अब दिल्ली बीजेपी को और भी आगे ले जाएंगे. हम सभी मिलकर काम करेंगे. दिल्ली बीजेपी का अध्यक्ष चुने जाने के बाद हर्ष मल्होत्रा ने कहा, "भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मिली इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , माननीय गृहमंत्री अमित शाह एवं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं.

## RR vs SRH: 'वैभव सूर्यवंशी की तारीफ में एक शब्द नहीं बोला...', भारतीय धुरंधर ने पैट कमिंस की लगाई क्लास



इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 के एलिमिनेटर मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (RR) के तूफानी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने ऐसी भौकाली पारी खेली, जिसने सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) का पूरा अभियान खत्म कर दिया.

15 साल के इस बल्लेबाज ने सिर्फ 29 गेंदों पर 97 रन ठोक दिए. उनकी पारी में 12 छक्के और 5 चौके शामिल रहे. इसी विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत राजस्थान ने 20 ओवर में 243/8 का विशाल स्कोर खड़ा किया. जवाब में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम 196 रन ही बना सकी और 47 रन से मुकाबला हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई. हालांकि मैच के बाद SRH कप्तान पैट कमिंस का रवैया पूर्व भारतीय कप्तान कृष्णम्माचारी श्रीकांत को बिल्कुल पसंद नहीं आया. श्रीकांत ने कहा- मुझे यह बात बिल्कुल पसंद नहीं आई कि कमिंस ने वैभव सूर्यवंशी के लिए एक शब्द तक नहीं कहा. वह सिर्फ मार्जिन ऑफ एरर ( margin of error) की बात कर रहे थे. एक 15 साल का लड़का आया और उसने आपको बाहर कर दिया. कम से कम उसकी तारीफ तो करनी चाहिए थी.

## विमेंस T20 वर्ल्ड कप के लिए ICC की मैच ऑफिशियल्स लिस्ट जारी, इन 4 भारतीयों को भी मिली जगह



विमेंस क्रिकेट का सबसे बड़ा मंच सजने के लिए तैयार है. आईसीसी विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 शुरू होने में अब सिर्फ कुछ दिन बाकी हैं. इस टूर्नामेंट से पहले क्रिकेट की सबसे बड़ी संस्था ने बड़ा ऐलान किया है. इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने टूर्नामेंट के लिए मैच अधिकारियों के पैनल का खुलासा कर दिया है, खास बात यह है कि लगातार तीसरी बार पूरे टूर्नामेंट में सिर्फ महिला अंपायर और मैच रेफरी ही नजर आएंगी. 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में शुरू होने वाले इस मेगा इवेंट में 14 अंपायर और 4 मैच रेफरी कुल 33 मुकाबलों में जिम्मेदारी संभालेंगी. आईसीसी इसे सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि महिलाओं की बढ़ती ताकत और क्रिकेट में उनके बढ़ते प्रतिनिधित्व के रूप में देख रहा है. ।आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने कहा कि यह पैनल क्रिकेट के हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे बढ़ाने की आईसीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है. उन्होंने कहा कि अधिकारियों का चयन उनके प्रदर्शन, फैसले लेने की क्षमता और लगातार बनाए गए उच्च स्तर को ध्यान में रखकर किया गया है. कुल 9 सदस्य ऐसे हैं, जिन्होंने पिछले संस्करण में भी जिम्मेदारी निभाई थी. मैच रेफरी पैनल में जीएस लक्ष्मी, शैंड्रे फ्रिट्ज और मिशेल परेरा की वापसी हुई है. वहीं न्यूजीलैंड की टुडी एंडरसन पहली बार इस भूमिका में नजर आएंगी. आईसीसी का यह ऐलान बेहद खास रहा क्योंकि कुल चार भारतीय अधिकारियों को इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए चुना गया है. इनमें सबसे बड़ा नाम जीएस लक्ष्मी का है,

## बेटी को नींद से उठाकर महेश भट्ट ने बताया अफेयर का सच, छोड़ दिया घर, सुनकर कैसा था पूजा का हाल?



फिल्ममेकर महेश भट्ट अपनी रोमांटिक-ड्रामा फिल्मों के लिए मशहूर रहे हैं. उन्होंने अपनी रियल लाइफ लव स्टोरी पर बेस्ड 1990s की सुपरहिट फिल्म आशिकी भी बनाई थी. हालांकि वो प्रोफेशनल से ज्यादा, अपनी पर्सनल जिंदगी को लेकर चर्चाओं में बने रहे. महेश भट्ट ने दो शादियां की थीं. इसके अलावा उनके धर्म परिवर्तन की बातें भी खूब चला करती थीं. कहा जाता है कि सोनी राजदान से शादी करने के लिए, उन्होंने मुसलमान धर्म अपना लिया था. महेश भट्ट की जिंदगी विवादों से घिरी रही. हाल ही में उनकी बेटी पूजा भट्ट ने अपने पिता की दो शादियों और सोनी राजदान संग रिश्ते पर खुलकर बात की. विक्की लालवानी के यूट्यूब चैनल पर पूजा ने बताया कि उनके जन्म के बाद, मां किरण और पिता महेश भट्ट की लव स्टोरी ज्यादा समय तक टिक नहीं सकी, और महेश भट्ट घर से बाहर निकल गए. हालांकि वो कुछ समय बाद वापस घर लौटे और फिर उनके भाई राहुल भट्ट का जन्म हुआ. मगर वो भी उनके रिश्ते को बचा ना सका, जिसके बाद फिल्ममेकर की मुलाकात सोनी राजदान से हुई जिनसे उन्होंने शादी की.पूजा ने आगे कहा- मैं सोनी (राजदान) के बारे में मेरी मां से भी पहले जान चुकी थी. मेरे पिता ने मुझे नींद से उठाकर कहा कि मैं तुम्हें बताना चाहता हूं कि मैं एक महिला से मिला और मैं घर छोड़कर जाने वाला हूं.


भविष्य आज नहीं, अभी निवेश करें
ANTRA
DEVELOPERS
DHOLERA SMART CITY
सपनों की जगह, सुरक्षित निवेश के साथ
STRATEGIC PARTNERED WITH
OICCI
OASIS INTERNATIONAL CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY
RESIDENTIAL PLOTS
अपने सपनों का घर अब हकीकत के करीब
INDUSTRIAL PLOTS
व्यवसाय को दें नई ऊँचाईयाँ
COMMERCIAL PLOTS
सही लोकेशन, बेहतर मुनाफा
आज का सही निवेश
कल का सुनहरा भविष्य
TRUSTED BRAND
Bright Future Assured
पारदर्शी डीलिंग
विश्वसनीय सेवा
उच्च रिटर्न की संभावना
DHOLERA SMART CITY - भारत का भविष्य
विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी
इंटरनेशनल एयरपोर्ट, मेट्रो और एक्सप्रेसवे के पास
औद्योगिक विकास का बड़ा हब
ग्रीन एनर्जी और स्मार्ट टेक्नोलॉजी पर आधारित सिटी
निवेश के लिए सबसे भरोसेमंद और प्रॉफिटेबल लोकेशन
आज ही संपर्क करें
LIMITED PLOTS | GREAT OPPORTUNITY
Call / WhatsApp
7878781509, 8708565733
Visit Our Website
www.antradevelopers.com
Email Us
info@antradevelopers.com
Disclaimer: यह विज्ञापन केवल जानकारी के उद्देश्य से है। निवेश करने से पहले सभी दस्तावेज़ों और प्रोजेक्ट डिटेल्स की स्वयं जांच अवश्य करें।


Antra
Antra Developers
INDIA'S FASTEST GROWING REAL ESTATE COMPANY
OICCI
OASIS INTERNATIONAL CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY
OICCI (Oasis Group) - Global Strategic Partner of Antra Group
YOUR VISION.
OUR MISSION.
हर कदम भरोसे का, हर दिशा विकास की
RESIDENTIAL
INDUSTRIAL
COMMERCIAL
SMART CITY PLOTTING
India's One of the Largest Growing Companies
Future-Ready Investment
Trusted Name for Generations
BOOK YOUR PLOT NOW
info@antradevelopers.com | Call / WhatsApp: 7878781509 | 8708565733 | www.antradevelopers.com


OICCI
Antra
हर कदम भरोसे का हर दिशा विकास की
हम लेकर आ रहे है
आपके शहर में
DHOLERA SMART CITY
CEO CONCLAVE 2026
देशभर के उद्यमपतियों, निवेशकों, बिजनेस लीडर्स और चैनल पार्टनर्स को
CEO CONCLAVE में आमंत्रित कर रहे है।
भविष्य के भारत की सबसे बड़ी
SMART CITY OPPORTUNITY
पर विशेष चर्चा
★ You Are Invited ★
INVESTMENT OPPORTUNITIES
FUTURE INFRASTRUCTURE
BUSINESS NETWORKING
WEALTH CREATION
CHANNEL PARTNERS
8708565733
7878781509
www.antradevelopers.com



## Delhi Metro News: दिल्ली सरकार का बड़ा फैसला, रोहिणी और द्वारका मेट्रो स्टेशन के बदले नाम

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई 'राज्य नामकरण प्राधिकरण' (एसएनए) की बैठक में इन फैसलों को मंजूरी दी गई। बयान में कहा गया है कि यात्रियों की सुविधा और स्टेशन को एक स्पष्ट पहचान देने के उद्देश्य से 'रोहिणी पूर्व' मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर अब 'रोहिणी मेट्रो स्टेशन' किया जाएगा। प्रशासन ने रोहिणी के बेगमपुर में निर्माणाधीन खेल परिसर का नाम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखने को भी मंजूरी दी है। बयान के अनुसार, परिसर में भारत रत्न से सम्मानित वाजपेयी की एक प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। बैठक के दौरान ज्वालापुरी में निर्माणाधीन अस्पताल का नाम बदलकर 'बाबा रामदेवजी महाराज अस्पताल' करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा, सरकार ने शुकूरपुर स्थित 'ब्रिटानिया चौक' का नाम बदलकर 'अश्विनी चोपड़ा (मिन्ना) चौक' करने को हरी झंडी दी है। बयान के मुताबिक, इस बैठक में मुख्य सचिव, शहरी विकास सचिव, दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के निदेशक शामिल हुए। गुप्ता ने कहा कि इन फैसलों का उद्देश्य दिल्ली की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को सुरक्षित रखते हुए समाज में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मान देना है।










OASIS न्यूज़

हिंदी दैनिक अखंड भारत समाचार

प्रकाशित न्यू दि

E-mail . oasisnewstv@gmail.com Website. www.oasisnews.in

Number. 8708565733

COMMERCIAL TARIFF CARD

DELHI-RAJASTHAN-LUCKNOW

EFFECT FROM 1ST JANUARY 2026

| PARTICULARS | Per Col. Sq.cm |
|---|---|
| REGULAR DISPLAY IN ELECTION | (Color) Rs.250/- |
| REGULAR DISPLAY ADVERTISEMENTS IN B & W | Rs.100/- |
| REGULAR DISPLAY ADVERTISEMENTS IN COLOR | Rs.200/- |
| TENDER NOTICE, COMPANY NOTICE, LEGAL &PUBLIC NOTICES | Rs.200/- |
| EAR PANEL (FRONT PAGE) | Rs.250/- |
| CLASSIFIED ADVERTISEMENTS | Rs.100/-per Line |
| CHANGE OF NAME, MATRIMONIAL, SITUATION | |
| FULL PAGE (B/W) | Rs.1.26,100/- |
| FULL PAGE (COLORS) | Rs.3,45,200/- |
| QUARTER PAGE SINGLE EDITION (COLOR) | Rs.1,50,000/- |
| SPECIAL POSITON | |
| FRONT PAGE | 100% Extra |
| COLUMNPER PAGE | 8 Columns |
| WIDTH OF COLUMN | 4 Cm |
| LENGTH OF COLUMN | 52 Cm |

WE HAVE COMPLETE ARRANGEMENT FOR TRANSLATION

OFFICE: Paschim Vihar, New Delh
110063
Ph.: 8708565733
E-mail: oasisnewstv@gmail.com
Website: www.oasisnews.in

